मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-111
01/04/2022

मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल निर्माण कार्य की प्रगति सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

मुख्य बिन्दु :–

- कार्य योजना के अनुरुप पटना मेट्रो रेल के निर्माण कार्य में तेजी लाएं ताकि जल्द से जल्द लोगों को इसका लाभ मिल सके।

- पटना म्यूजियम और बिहार म्यूजियम के बीच सब–वे टनल कनेक्शन का निर्माण जल्द से जल्द शुरु करें।

- निराश्रित एवं बेसहारा वृद्धजनों के आश्रय हेतु 'मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल योजना' के क्रियान्वयन पर तेजी से काम शुरू करें। वहां खाने–पीने, चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ–साथ अन्य सुविधाओं की व्यवस्था रखें।

पटना, 01 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में पटना मेट्रो रेल निर्माण कार्य की प्रगति सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पटना मेट्रो रेल निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने भूमि अधिग्रहण की स्थिति, भूमि हस्तांतरण की स्थिति, कार्य प्रगति की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

श्री आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रधानमंत्री फुटपाथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (स्वनिधि) योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फुटपाथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है और इस योजनान्तर्गत 47 हजार 423 लाभुकों को ऋण प्रदान करा दिया गया है।

श्री आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पटना म्यूजियम और बिहार म्यूजियम के सब–वे अलाइन्मेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पार्किंग, डिजास्टर मैनेजमेंट सिस्टम आदि के संबंध में जानकारी दी।

श्री आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सात निश्चय–2 के अंतर्गत 'मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल योजना' के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इस योजना के उद्देश्य, कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि कार्य योजना के अनुरुप पटना मेट्रो रेल के निर्माण कार्य में तेजी लाएं ताकि जल्द से जल्द लोगों को इसका लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार म्यूजियम अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है। बिहार म्यूजियम में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। पटना म्यूजियम के और बेहतर ढ़ंग से बन जाने के बाद पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी। पटना म्यूजियम और बिहार म्यूजियम के बीच सब–वे टनल कनेक्शन का निर्माण जल्द से जल्द शुरु करें। इसका निर्माण बेहतर ढंग से कराएं। टनल में बेहतर एयर सिस्टम एवं रौशनी का इंतजाम हो और लोगों के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय–2 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा निराश्रित एवं बेसहारा वृद्धजनों को आश्रय हेतु 'मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल योजना' के क्रियान्वयन पर तेजी से काम शुरू करें। आश्रय स्थल में खाने–पीने, चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ–साथ अन्य सुविधाओं की व्यवस्था रखें। यहां वृद्धजनों के स्वस्थ एवं गरिमापूर्ण जीवनयापन हेतु जरुरी सुविधाओं का इंतजाम रखें।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह एवं दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

******